हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

11 रामलीला से पहले चांदी के सिक्के की पूजा, दशहरे पर होगा राजतिलक



12 एथलीट्स विजेताओं को सांसद सुभाष बराला ने किया सम्मानित



14 से 16 अक्टूबर तक प्रदेश में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश की संभावना

गुलाबी ठंड की दस्तक: रात के तापमान में गिरावट
बरसात के आसार से किसानों की बढ़ी चिंता

बारिश से पहले धान ढकने और खरीदे गए स्टॉक का उठान करने की चुनौती

सोमवार को अधिकतम तापमान 31 और न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

रविवार को पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में आए बदलाव के बाद सोमवार को हालांकि यहां दिनभर धूप रही लेकिन सुबह-शाम पड़ रही गुलाबी ठंड से विंटर सीजन का आगाज हो गया है। इस बार रात के समय मौसम बदला और ठंड ने दस्तक दी लेकिन एक सप्ताह देरी से। अक्टूबर महीने के दूसरे सप्ताह में मौसम में बदलाव आने के कारण रात के तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। आने वाले दिनों में और गिरावट देखने को मिल सकती है। ऐसे में अब सरकारी अस्पतालों का समय भी बदलने वाला है। उधर सोमवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री व न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। रात के समय न्यूनतम तापमान में और गिरावट आ सकती है। रात के समय ओस अधिक गिरने के कारण तापमान में गिरावट देखने को मिल रहा है। सोमवार को धूप निकलने से लोगों को फिर से गर्मी का अहसास हुआ लेकिन शाम को फिर ठंडक ने सर्दी का अहसास करवाया।



फतेहाबाद। शहर में खुशनुमा हुआ मौसम। फोटो: हरिभूमि

स्वास्थ्य का रखे ध्यान

रात के तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। अगले कुछ दिनों में और तापमान गिर सकता है। दिन के तापमान में अधिक बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में किसान अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखे ताकि बीमारी न हो सके। दोपहर के समय आराम भी करें।

-राजपाल, तकनीकी सहायक, कृषि विभाग फतेहाबाद।

अक्टूबर का तापमान

तिथि	अधिकतम	न्यूनतम
1 अक्टूबर	35	24
2 अक्टूबर	37	24
3 अक्टूबर	37	24
4 अक्टूबर	37	25
5 अक्टूबर	37	25
6 अक्टूबर	35	26
7 अक्टूबर	35	24
8 अक्टूबर	33	24
9 अक्टूबर	33	23
10 अक्टूबर	32	22
11 अक्टूबर	29	21
12 अक्टूबर	31	20

(तापमान डिग्री सेल्सियस में है)

नागरिक अस्पताल में 9 बजे शुरू होगी ओपीडी

ठंडक बढ़ते के साथ ही अगले सप्ताह से सरकारी अस्पतालों में समय में बदलाव हो जाएगा। सरकारी अस्पताल की ओपीडी सुबह 9 बजे शुरू हो जाएगी। अब अस्पताल 8 बजे खुल रहे है, लेकिन अगले सप्ताह से समय बदल जाएगा, जिससे मरीजों को राहत मिलेगी। इससे पहले मरीजों को सुबह ही आना पड़ रहा है। अगर देरी से आए तो टेस्ट भी नहीं हो पा रहे थे। 6 महीने तक यही समय रहेगा और अप्रैल में फिर से समय में बदलाव होगा। इस दौरान सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक ओपीडी रहेगी।

14 से ज्यादातर क्षेत्रों में बारिश के आसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 13 अक्टूबर तक मौसम में बदलाव बना रह सकता है। इसके बाद 14 से 16 अक्टूबर के दौरान प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर आंशिक बादल छाने तथा कहीं-कहीं हवाओं और गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार, इससे तापमान में और गिरावट आ सकती है। इसके बाद मौसम खुश्क होने तथा उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलने के आसार हैं। अब किसानों की निगाहें आसमान के साथ-साथ खरीद एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर भी टिकी हैं। बारिश से पहले धान को ढकने और खरीदे गए स्टॉक का उठान करने में कितनी तेजी दिखाई जाती है, यही तय करेगा कि किसानों की मेहनत से तैयार फसल कितनी सुरक्षित रह पाती है।

मौसम में बदलाव से बच्चों पर वायरल का हमला
ओपीडी में रोज पहुंच रहे 100 से ज्यादा मरीज

बाल रोग ओपीडी में 60 बच्चों को बुखार, 40 खांसी-जुकाम, गले के संक्रमण व दस्त से परेशान

- दिन में गर्मी और रात की ठंड बढ़ा रही मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

दिन में तेज धूप और गर्मी, जबकि सुबह-शाम व रात के समय ठंडक का असर अब बच्चों की सेहत पर दिखाई देने लगा है। मौसम में उतार-चढ़ाव के बीच शहर में वायरल बुखार, खांसी-जुकाम, गले में संक्रमण और पेट संबंधी शिकायतों वाले बच्चों की संख्या बढ़ रही है। नागरिक अस्पताल की बाल रोग ओपीडी में रोजाना 100 से अधिक बच्चे उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें करीब 60 बच्चे बुखार से पीड़ित हैं, जबकि 40 बच्चों में खांसी-जुकाम, गले में संक्रमण और दस्त जैसी शिकायतें मिल रही हैं। बच्चों की बढ़ती संख्या के चलते अस्पताल के साथ निजी क्लीनिकों में भी अभिभावकों की आवाजाही बढ़ी है। बता दें कि रविवार को यहां पूरा दिन ठंड रही जबकि सोमवार को दिन में फिर पहले जैसी तेज धूप निकली हुई थी। नागरिक अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ने का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जहां सामान्य दिनों में करीब 1300 ओपीडी पर्चियां बनती थीं, वहीं अब यह आंकड़ा बढ़कर लगभग 1400 तक पहुंच रहा है। इनमें मेडिसिन विभाग के मरीजों के साथ छोटे बच्चों की संख्या भी अधिक है। चिकित्सकों के अनुसार मौसम में अचानक बदलाव, तापमान में अंतर और संक्रमण के संपर्क में आने से बच्चों में बीमारी के लक्षण सामने आ रहे हैं। ऐसे में अभिभावकों को बच्चों की दिनचर्या, खानपान और पहनावे पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।



फतेहाबाद। नागरिक अस्पताल में ओपीडी के लिए लगी लाइन। फोटो: हरिभूमि

बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ सकता है असर

डॉ. अमित कुमार के अनुसार मौसम में अचानक बदलाव के दौरान बच्चों में वायरल संक्रमण के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। ओपीडी में रोजाना बुखार से पीड़ित बच्चे पहुंच रहे हैं। बदलते मौसम में बच्चों की सेहत पर विशेष ध्यान देना चाहिए। यदि बुखार लगातार बना रहे या बच्चे की हालत में सुधार न हो, तो डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश बंसल के अनुसार सुबह और शाम के समय बच्चों को मौसम के अनुरूप कपड़े पहनाने चाहिए। उन्हें बहुत अधिक गर्मी या ठंड के सीधे संपर्क में आने से बचाना चाहिए। खानपान में साफ-सफाई का ध्यान रखने के साथ पर्याप्त तरल पदार्थ देना भी जरूरी है। बीमारी के दौरान बच्चों को जबरन भारी भोजन कराने के बजाय हल्का और ताजा खाना देना बेहतर है। विशेषज्ञों के अनुसार सांस लेने में परेशानी, अत्यधिक सुस्ती या पानी की कमी के संकेत मिलने पर तुरंत चिकित्सकीय सहायता लेनी चाहिए।

इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज

- अचानक तेज बुखार आना या लगातार बदन दर्द रहना।
- खांसी, छींक और नाक बहने की परेशानी बढ़ना।
- गले में दर्द होना या खाना निगलने में दिक्कत होना।
- बच्चे का सुस्त रहना, चिड़चिड़ापन बढ़ना या दूध-खाना कम लेना।
- बार-बार उल्टी होना या लगातार दस्त लगना।
- सांस लेने में परेशानी, असामान्य उनींदापन या पानी की कमी के लक्षण।

बचाव के लिए इन बातों का रखें ध्यान

- सुबह-शाम बच्चों को मौसम के अनुसार पूरी बांह के कपड़े पहनाएं।
- पीने के लिए साफ और सुरक्षित पानी दें। दस्त या उल्टी होने पर ओआरएस के इस्तेमाल के बारे में डॉक्टर से सलाह लें।
- घर का ताजा, हल्का और पौष्टिक भोजन दें। खुले में रखे, बासी या अस्वच्छ भोजन से बचाएं।
- बच्चों को हाथ धोने की आदत डालें और खांसते-छींकते समय मुंह ढकने के लिए प्रेरित करें।
- बीमार व्यक्ति के सीधे संपर्क से बचाव रखें और कमरे में उचित हवा आने-जाने की व्यवस्था रखें।
- बुखार या संक्रमण होने पर डॉक्टर की सलाह के बिना एंटीबायोटिक अथवा अन्य दवाएं न दें। बच्चों को एस्पिरिन न दें और बुखार की दवा भी उम्र व वजन के अनुसार चिकित्सकीय सलाह से ही दें।

पहले खांसी-जुकाम, फिर बुखार होने की शिकायत

अभिभावकों के अनुसार कुछ बच्चों में शुरुआत नाक बहने, छींक आने और खांसी से हो रही है। इसके बाद बुखार, गले में दर्द और कमजोरी जैसी परेशानियां सामने आ रही हैं। कुछ बच्चों में दस्त और पेट खराब होने की शिकायत भी मिल रही है। चिकित्सकों का कहना है कि हर बच्चे में बीमारी के लक्षण एक जैसे नहीं होते, इसलिए लगातार परेशानी रहने पर चिकित्सकीय जांच जरूरी है। आठ वर्षीय रुचि को मौसम बदलने के दौरान खांसी-जुकाम की शिकायत हुई। पिछले दो-तीन दिनों से उसे दस्त भी हो रहे हैं। चिकित्सक ने जांच के बाद उपचार के साथ आराम करने की सलाह दी है। इसी तरह छह वर्षीय ध्रुव की कई दिनों से नाक बह रही थी। बाद में उसे बुखार हो गया। जांच के दौरान उसकी छाती और गले से संबंधित परेशानी सामने आई। ऐसे मामलों में शुरुआती लक्षणों को सामान्य समझकर नजरअंदाज करने के बजाय समय पर चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी है।

खबर संक्षेप

दो महिलाओं समेत तीन नशा तस्कर गिरफ्तार

फतेहाबाद। नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत फतेहाबाद जिले में पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल 30 किलो 415 ग्राम कचरा डोडा पोस्त बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में दो महिलाओं समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने नेशनल हाईवे-9 पर हिसार-सिरसा बाईपास स्थित धांगड़ पुल के नीचे कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 10 किलो 195 ग्राम कचरा डोडा पोस्त सहित काबू किया।

अवैध देसी पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

फतेहाबाद। एंटी नारकोटिक सेल फतेहाबाद की टीम ने गांव बड़ोपल के नजदीक नेशनल हाईवे-9 से एक युवक को .315 बोर के अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान कृष्ण उर्फ केसर पुत्र धर्मबीर निवासी गांव बड़ोपल के रूप में हुई है। एंटी नारकोटिक सेल फतेहाबाद के प्रभारी उप-निरीक्षक वेदपाल ने बताया कि 11 अक्टूबर को उप-निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी, इसी दौरान कार्रवाई की गई।

युवक 10.96 ग्राम हेरोइन सहित काबू

सिरसा। शहर थाना की जेजे कॉलोनी पुलिस चौकी ने गश्त के दौरान सिरसा क्षेत्र से एक युवक को 10 ग्राम 96 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू किया है।शहर थाना की जेजे कॉलोनी पुलिस चौकी की टीम गश्त व चैकिंग के दौरान इंडस्ट्रियल एरिया सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सामने से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखते ही अचानक वापस मुड़कर भागने लगा।

लस्सी लेने निकले तीन बच्चे पहुंचे बरवाला

भूना। गांव नहला में लस्सी लेने निकले तीन बच्चों के अचानक लापता होने से बाबा तीर्थनाथ ईंट भट्ठे पर काम करने वाले मजदूरों और भट्ठा संचालकों में हडक़ंप मच गया। रविवार सुबह करीब 8 बजे घर से निकले तीनों बच्चे दोपहर तक भट्ठे पर वापस नहीं लौटे तो उनकी तलाश शुरू की गई। सोमवार को तीनों बच्चे बरवाला के पास एक ईंट भट्ठे पर सुरक्षित मिल गए। बच्चों के मिलने की सूचना से परिजनों और भट्ठा संचालकों प्रधान सतबीर सिह ढिल्लों व जयप्रकाश बंसल आदि ने राहत की सांस ली। मिली जानकारी के अनुसार, 13 वर्षीय आंचल और 11 वर्षीय सुशीला पुत्री कासी राम तथा 10 वर्षीय गुलशन पुत्र नगीना निवासी बिहार, हाल आबाद नहला, रोजाना की तरह रविवार सुबह लस्सी लेने गांव में गए थे। तीनों बच्चे नहला गांव के किरमारा रोड स्थित बाबा तीर्थनाथ ईंट भट्ठे से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। इसके बाद भट्ठा संचालक और मजदूरों ने अपने स्तर पर उनकी तलाश शुरू की।



सिरसा। कालांवाली के खुह वाला बाजार से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

नगरपालिका ने हटाया अतिक्रमण शिकायत के आधार पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कालांवाली

कालांवाली नगरपालिका प्रशासन की ओर से सोमवार को शहर के खुह वाला बाजार में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अमल में लाई गई। कार्रवाई के दौरान प्रशासन की ओर हरे की टाल से हरा कुतरने वाली मशीन, हरे और अन्य सामान को हटवाया गया और लोहे की झालियों को कब्जे में लिया गया। यह कार्रवाई सतीश कुमार निवासी शहर कालांवाली की शिकायत के आधार पर की गई। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट वेटनरी चिकित्सक डॉ. संदीप कंबोज की अगुवाई में की गई। कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान नगरपालिका सचिव गिरधारी लाल, एमई सुमित कुमार, जेई हितेश यादव सहित कई नगरपालिका कर्मचारी और पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे। सतीश कुमार ने उपमंडल प्रशासन को लिखित शिकायत दी है कि शहर के खुह वाला बाजार में एक हरे की टाल है।

कमरे में फंदे पर लटका मिला युवती का शव

फतेहाबाद। शहर के भाटिया नगर में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां शादी से कुछ ही दिन पहले 29 वर्षीय युवती ने अपने कमरे में दुपट्टे से बने फंदे पर लटककर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। सोमवार को घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया है। इस घटना के बाद से मृतका के परिवार और पूरे इलाके में मातम का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतका का परिवार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के औरैया जिले का रहने वाला है, जो काफी समय से फतेहाबाद के भाटिया नगर में रह रहा है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि सुबह माहौल बिल्कुल सामान्य था और युवती ने ही सबके लिए सुबह का खाना बनाया था। खाना खाने के बाद उसके पिता और सभी भाई अपने-अपने काम पर चले गए थे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान युवती अपने कमरे में गई और अंदर से कुंडी लगाकर फंदा लगा लिया।

पालिका कार्यालय में चले लात-घूंसे

- लेवल और अधूरी नाली को लेकर दोनों पक्षों में विवाद, अधिकारियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

शहर के वार्ड नंबर 6 में निर्माणाधीन इंटरलॉक गली में नाली निर्माण और सडक़ के लेवल को लेकर चल रहा विवाद सोमवार को नगर पालिका कार्यालय तक पहुंच गया।

यहां दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद नौबत मारपीट तक पहुंच गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे पर लात-घूंसे चलाने शुरू कर दिए। नगर पालिका कार्यालय में अचानक हुए इस घटनाक्रम से वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद नगर पालिका अधिकारियों ने बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को अलग किया और मामले को शांत करवाया। मिली जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 6 में इंटरलॉक गली का निर्माण कार्य चल रहा है। गली का लेवल सही नहीं होने और नाली का निर्माण अधूरा छोड़ने को लेकर स्थानीय स्तर पर विवाद बना हुआ था।



भूना। नगर पालिका कार्यालय में एक दूसरे पर थप्पड़ मारते हुए लोग।

समझौते से पहले भिड़े दोनों पक्ष

इसी मामले को लेकर दोनों पक्षों को बातचीत के माध्यम से समझाने के लिए चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने नगर पालिका कार्यालय में बुलाया था, ताकि आपसी सहमति से विवाद का समाधान निकाला जा सके। बताया गया है कि चेयरपर्सन प्रतिनिधि के पहुंचने से पहले ही दोनों पक्षों के लोग नगर पालिका कार्यालय में आमने-सामने हो गए। पहले उनके बीच कहासुनी हुई और फिर विवाद बढऩे पर दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। अचानक हुए इस घटनाक्रम से कार्यालय में मौजूद लोग भी सकते में आ गए। नगर पालिका अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद स्थिति को संभाला गया। वार्ड में गली निर्माण को लेकर शुरू हुआ विवाद अब कार्यालय तक पहुंचने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता और नाली की स्थिति को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।



सिरसा। नहर टूटने के बाद खेतों में बहता पानी। फोटो: हरिभूमि

शेरांवाली माइनर टूटी, फसलें हुई जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ⏭चौपटा

नाथूसरी चौपटा क्षेत्र के गांव रंधावा के समीप सोमवार सायं को शेरांवाली नहर टूट गई। इससे नहर में करीबन 60 फीट तक कटाव हो गया। इससे खेतों में तेजी की तरफ से पानी बहने लगा। नहर टूटने से खेतों में जलभराव हो गया। नहर टूटने की सूचना मिलने पर सिंचाई विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने नहर को नहराना हेड से शेरांवाली नहर में पानी बंद करवाया गया। जानकारी अनुसार सोमवार सायं करीब 3 बजकर 50 मिनट पर शेरांवाली नहर अचानक टूट गई। किसानों ने नहर टूटने की सूचना सिंचाई विभाग के कर्मचारी को दी। सिंचाई विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। इसके बाद नहर को नहराना हेड से बंद करवा दिया गया। सिंचाई विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि शेरांवाली नहर अचानक टूट गई।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी सने मंडी में किसानों और आढ़तियों से खरीद प्रक्रिया की जानकारी

भूना मंडी में अब तक पहुंची 2.25 लाख क्विंटल धान की फसल, 43,309 क्विंटल की खरीद

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

धान खरीद व्यवस्था का जायजा लेने के लिए सोमवार को जिला परिषद फतेहाबाद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश कुमार ने भूना अनाज मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों और आढ़तियों से बातचीत कर खरीद प्रक्रिया की जानकारी ली। किसानों व आढ़तियों ने मंडी में पारदर्शिता के साथ खरीद कार्य होने की बात कही और मार्केट कमेटी के अधिकारियों व खरीद एजेंसियों की कार्यप्रणाली की सराहना की। मार्केट कमेटी सचिव ईश्वर सिंह ढाका ने सीईओ को बताया कि अब तक भूना अनाज मंडी में 2 लाख 25 हजार क्विंटल धान की आवक हो चुकी है। इसमें से हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन और हैफेड की ओर से कुल 43,309 क्विंटल धान की खरीद की गई है। सरकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए किसानों के मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर दर्ज जानकारी का सत्यापन किया जा रहा है। इसके साथ डिजिटल गिरदावरी के माध्यम से फसल के रकबे का मिलान भी किया जा रहा है। रिकॉर्ड सही पाए जाने पर ही गेट पास जारी किया जाता है।



भूना। मंडी का निरीक्षण कर किसानों व आढ़तियों से बातचीत करते हुए जिला परिषद के सीईओ। फोटो: हरिभूमि

सिरसा की मंडियों में हुई 7103 एमटी धान की खरीद

सिरसा। जिला की विभिन्न मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 7103 मीट्रिक टन (एमटी) धान की खरीद की जा चुकी है। कुल आवक में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 3589 एमटी, हैफेड द्वारा 2561 एमटी तथा हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कारपोरेशन द्वारा 953 एमटी खरीद की गई है। इसके साथ-साथ उठान प्रक्रिया भी तेजी से जारी है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक हरवीर सिंह ने बताया कि डबवाली अनाजमंडी में 1313 एमटी, देसूजोधा मंडी में 847 एमटी, ऐलनाबाद मंडी में 311 एमटी, कालांवाली में 1069 एमटी, रानियां में 532 एमटी, रोड़ी मंडी में 628 एमटी धान की खरीद दर्ज की गई, साथ ही जिला की अन्य मंडियों में भी धान की आवक जारी है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि धान को सुखाकर मंडी में लेकर आएं, ताकि जल्द खरीद की जा सके।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

haribhoomi.com

रोहतक, मंगलवार
13 अक्टूबर 2026

10

हरिभूमि

नवरात्र विशेष

सहेली



मांगें मन की शक्ति संग जीवन संवारने का आशीष

आत्मशक्ति के आह्वान का, चेतना को जाग्रत करने का पर्व नवरात्र आरंभ हो चुका है। इन दिनों का भव्य, दिव्य परिवेश न केवल हमें मां शक्तिस्वरूपा का सान्निध्य पाने का अवसर देता है, अपने जीवन को नई ऊर्जा से भरने के लिए भी प्रेरित करता है। आइए इन नवरात्रों में हम सब मां भगवती से आत्मशक्ति के जागरण के साथ अपने जीवन को संवारने का भी आशीष मांगें। ताकि घर-परिवार से लेकर समाज में सकारात्मकता का संचार हो।

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

बीते दो दिन से हर ओर मां आदिशक्ति के जयकारे गूंज रहे हैं। मातृशक्ति के समक्ष पूरा समाज नतमस्तक है। बहुत से घरों में घट स्थापना के बाद नियमित पूजन-अर्चन हो रहा है। कहीं गरबा का उल्लास तो कहीं किसी एक कोने में भक्तिभाव से मां की प्रार्थना में रत मन। शक्ति को साधने का उत्सव कहे जाने वाले नवरात्र पर्व की छटा आम जीवन में ही नहीं, आत्मा में भी उतरती है। हर कोई अपनी ऊर्जा का समर्पण कर मां दुर्गा से यह आह्वान करता दिखता है कि शक्ति स्वरूपा नई शक्ति और सोच का संचार करें। घर-परिवार ही नहीं, समग्र संसार में सुख-शांति बनी रहे। मां का आशीर्वाद जिंदगी को सही दिशा में गतिमान रखे। भगवती का आशीष, सोच-समझ में सकारात्मकता के रंग भर दे। असल में बच्चे हों या बड़े, ऊर्जा और अनुभूतियों का यही भाव जीवन से जोड़ता है। समझना जरूरी है कि इस सहजता और सकारात्मकता के साथ ही मां दुर्गा की आराधना ममता, क्षमा, स्वाभिमान और न्याय का भाव भी लिए है। तभी तो उपासना के ये नौ दिन, परंपरागत रंगों के साथ ही मानवीय सोच और मन को मजबूत बनाने का सुंदर अवसर भी हैं। शक्ति स्वरूपा भगवती, जीवन के हर पहलू को संवारने का विचार जगाने वाली हैं। हर बुराई का प्रतिकार करने की हिम्मत देने वाली हैं। स्त्रियों के मन-जीवन से ऐसे भाव गहराई से जुड़े होते हैं। महाशक्ति देवी भगवती की उपासना कर, हर स्त्री अपने सामर्थ्य को पहचानने का आशीष मांगे। अपने जीवन के रण में स्वयं शक्ति स्वरूपा बनें।



मन की शक्ति को समझिए

नवरात्र का महापर्व आस्था और विश्वास के जरिए अपनी ही असीम शक्तियों से हमारा परिचय पाने का समय होता है। ये नौ दिन मन-जीवन को नया-सा कर जाते हैं। ऐसे में मां का आह्वान कर हर स्त्री जीवन की परिस्थितियों से जूझने का साहस और संबल जुटा सकती है। मां अंबे की साधना करते हुए उनके शक्तिस्वरूपा और जाग्रत रूप को अपने भीतर सहेजते हुए बेहतरी की ओर बढ़ने का प्रण ले सकती हैं। मन और मस्तिष्क के लिए नई ऊर्जा उपार्जित कर सकती हैं। उम्र के हर मोड़ पर महिलाएं कई मोर्चों पर एक साथ जूझती हैं। आर्थिक संकट से लेकर अपनों की संभाल-देखभाल तक, फिक्र के फेर में फंसी रहती हैं। भारतीय परिवेश में तो महिलाएं हौसले और हिम्मत से हर संकट का सामना करते हुए आगे बढ़ी हैं और बढ़ रही हैं। माना भी जाता है कि स्त्री हर संकट से जूझने का हौसला जुटा ही लेती है। यह अवसर इस शक्ति को और निखारने का अवसर होता है, क्योंकि नारी की प्रखरता और शक्ति सामर्थ्य का नाम ही मां दुर्गा है। नौ दिनों का आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व हर स्त्री को समझाता है कि प्रकृति ने उसे सहज-सरल ही नहीं बनाया, जरूरत पड़ने पर हर मुसीबत से लड़ जाने का माद्दा भी दिया है। मां भगवती का पूजन-अर्चन अपने सामर्थ्य को सहेजने और मुसीबतों के आगे मोर्चा संभालने की शक्ति का आह्वान करना ही तो है। इन नौ दिनों में मां का वंदन करते हुए अपने भीतर की इस शक्ति को पहचानने का प्रयास भी हर स्त्री अवश्य करे।

सजग-जागरूक बनिए

मां दुर्गा का रूप भारतीय स्त्री के आत्मविश्वास से दमकते मुखमंडल का प्रतीक है। मातृ-शक्ति के रूप में पोषक और चेतनामयी रूप में सजगता और जागरूकता का प्रतिबिंब। स्त्री जीवन में हर मोर्चे पर सजगता और जागरूकता अहम है। असल में देखा जाए, तो महिलाओं में जिंदगी के हर पहलू को लेकर चेतना संपन्न सोच होनी ही चाहिए। अधिकारों के लिए जागरूकता और सुरक्षित जीवन के लिए सजगता आवश्यक है। भारत ही नहीं, संसार के हर हिस्से में सशक्त बनने और बने रहने की एक जरूरी शर्त जागरूक और सजग रहना ही है। हर जगह नियम-कानूनों की जानकारी रखना ही, तो सुरक्षा और सम्मान के हालात बनाता है। इतना ही नहीं जिंदगी से जुड़ी दूसरी रूढ़ियों को लेकर मुखरता और संकीर्ण विचारों का विरोध करने का धरातल भी सही जानकारी ही बनाती है। आप गृहिणी हों या काम-काजी, हर महिला के लिए किसी सार्थक और सकारात्मक पहल का हिस्सा बनने या अपने जीवन को बेहतर बनाने का पहला पड़ाव जागरूक रहना ही है। नवरात्र में मां दुर्गा से भी अपनी चेतना को पोषित करने का आशीष मांगा जाता है। शक्ति उपासना के इस पर्व पर हर स्त्री अपने अंतर्मन की शक्ति को साधने और जागरूक रहने का बल जुटाए। एक चेतना से संपन्न स्त्री ही सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक



सरोकारों के प्रति जागरूक हो सकती है। समाज में फैली कुप्रथाओं के विरुद्ध लड़ने का संबल जुटा सकती है। यह अपने सामर्थ्य को पहचानने की दिशा में सबसे पहला कदम है।

साथ-स्नेह के मायने समझिए

आदि शक्ति की उपासना का पर्व नवरात्र, महिलाओं के मन और जीवन में झलकती नई ऊर्जा, नई चेतना को भी प्रतिबिंबित करता है। इस चेतनामयी बल के दम पर स्त्रियां आत्मविश्वासी और मुखर बनकर ना केवल हर मुसीबत से जूझ सकती हैं बल्कि औरों का सहारा भी बन सकती हैं। स्वयं मां दुर्गा ने भी कई बार देवताओं के कष्ट हरे हैं। शक्ति पूजा के बाद श्रीराम को जीत का आशीष भी आदिशक्ति ने ही दिया था। स्त्रियां भी साझी सोच के साथ हर संकट का मुकाबला कर सकती हैं। एक दूजे का संबल बन सकती हैं। इसीलिए किसी की पीड़ा भी बांटें और संबल भी दें। परेशानी के दौर में किसी का साथ दें और कामयाबी के समय सराहना भी करें। अपने सपनों को पूरा करने के हौसले के साथ ही दूसरों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का मानस भी जरूरी है। अपनी नेतृत्व क्षमता और योग्यता पर भरोसा रखते हुए आगे बढ़ती जाएं। सशक्त होने का अर्थ यही है कि हम खुद को मजबूती से थामते हुए दूसरों को कुछ देना भी सीखें। स्त्री मां के रूप में मात्र जीवन नहीं देती है, अपने बच्चों को मनुष्यता का पाठ पढ़ाकर समाज को जिम्मेदार नागरिक भी देती है। वो स्वयं को कभी कम ना आंके। शक्ति के उपार्जन का यह पर्व मातृ-शक्ति की उपासना को सर्वोच्च दर्जा देता है। यूं भी भारतीय संस्कृति में मातृ-शक्ति को प्राणशक्ति माना गया है और उसका स्थान सबसे ऊपर है। इसीलिए इस पर्व पर हर महिला खुद सृजन शक्ति के सही अर्थ को समझे। अपने उस सामर्थ्य को पहचाने, जो उसे प्रकृति ने दिया है। स्त्रियां इसी सामर्थ्य के बल पर साथ-संबल का परिवेश बना सकती हैं। ईर्ष्या, स्पर्धा और असुरक्षा की भावना से दूर अपनी और दूसरी स्त्रियों की बेहतरी के लिए प्रयास करने का आशीष मांगना ही सही मायने में मां शक्ति के वंदन करने का भाव है।

पर्व एक बहुत बड़ा अवसर होते हैं, अपनी संस्कृति-परंपरा से जुड़ने का। बच्चों को नवरात्र से जुड़े विधि-विधान बताएं और उन्हें अपनी परंपरा-संस्कृति से जोड़ें। इसके लिए आप कुछ बातों पर ध्यान दें।

नवरात्र में बच्चों को जोड़ें अपनी संस्कृति-परंपरा से

बच्चे और आप

निकिता चौहान



नवरात्र आरंभ चुके हैं। लोग बड़ी आस्था के साथ मां दुर्गा की पूजा-पाठ में व्यस्त हैं। भजन-कीर्तन चल रहे हैं। जगह-जगह माता की चौकी सजी हुई है। वहीं दूसरी तरफ गरबा-डांडिया भी आरंभ हो रहे हैं। बड़े-छोटे सभी इस उत्सवी माहौल में उमंगित हैं। इसमें कोई दो मत नहीं कि पर्व बच्चों को अपनी संस्कृति-परंपराओं से जोड़ने का एक अच्छा अवसर होते हैं। बच्चे सिर्फ पूजा के समय साथ बैठाने से अपनी संस्कृति-परंपराओं से परिचित नहीं हो सकते। उन्हें पूजा की तैयारी, भजन, प्रसाद और नवरात्र से जुड़ी अन्य गतिविधियों में सम्मिलित करना जरूरी है। इससे वे त्योहार का मतलब सही ढंग से समझेंगे, खुशी के साथ नवरात्र पर्व का हिस्सा बनेंगे।

पूजा की तैयारी में दें छोटी जिम्मेदारियां: बच्चों को नवरात्र पूजा की तैयारी में अवश्य शामिल करें। छोटे बच्चे, फूल सजाने और पूजा की थाली लगाने में मदद कर सकते हैं। बड़े बच्चे रंगोली बना सकते हैं या पूजा की जगह सजाने में सहायता कर सकते हैं। इससे उनके भीतर मां दुर्गा के प्रति आस्था और भक्ति के भाव जागेंगे।



नौ दिन-नौ कहानियां: बच्चों को हर दिन मां के एक स्वरूप की कहानी अवश्य सुनाएं। कहानी के साथ उससे मिलने वाली सीख भी बताएं, जैसे किसी दिन माता के साहस की बात करें, तो किसी दिन दया-करुणा और धैर्य की। इस तरह बच्चे मां की कथाओं से प्रेरणा लेंगे।

बच्चों के सवालों का जवाब दें: बच्चे बहुत ही जिज्ञासु होते हैं। वे पूछते हैं कि नवरात्र नौ दिन क्यों मनाई जाती है? कन्या पूजन क्यों होता है? मां के अलग-अलग स्वरूप क्यों हैं? बच्चों के सवालों को कभी टालें नहीं। उन्हें आसान भाषा में जवाब दें। जब बच्चों को किसी परंपरा की वजह समझ आती है, तो वे उसे आसानी से अपना पाते हैं।

प्रसाद बनाने में मदद लें: नवरात्र पूजन का प्रसाद और फलाहार बनाते समय बच्चों को भी साथ रखें। वे फल काटने, मेवा रखने या प्रसाद की प्लेट लगाने में मदद कर सकते हैं। इस दौरान उन्हें यह भी बताएं कि नवरात्र में अलग-अलग जगहों पर कौन-कौन से पारंपरिक पकवान बनाए जाते हैं।

गरबा-डांडिया में हो बच्चों की भागीदारी: बच्चों को नवरात्र की पूजा और परंपराओं से जोड़ने के साथ ही गरबा और डांडिया के बारे में भी बताएं। उन्हें इन कार्यक्रमों में ले जाएं, इनका हिस्सा बनाएं। इससे वे गरबा और डांडिया की संस्कृति का महत्व समझेंगे।

कन्या पूजन का मतलब बताएं: अष्टमी या नवमी पर कन्या पूजन के दौरान बच्चों को जरूर साथ में रखें। कन्याओं के स्वागत, भोजन और प्रसाद की तैयारी में उनकी मदद लें। उन्हें समझाएं कि कन्याओं का सम्मान जरूरी है। सम्मान सिर्फ त्योहार के दिन नहीं, बल्कि साल के प्रत्येक दिन होना चाहिए।

बच्चों को दें उनकी पसंद का काम: बच्चों को पूजा और परंपराओं से जोड़ते समय इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें उनकी नापसंद का काम ना सौंपे, उन्हें उनकी पसंद के काम में शामिल करें। किसी को सजावट करना पसंद है, तो उसे सजावट करने दें और प्रसाद बांटना पसंद है, तो उसे यह जिम्मेदारी दें।

बड़े प्रयास की जरूरत नहीं: बच्चों को परंपराओं से जोड़ने के लिए बड़े प्रयास की जरूरत नहीं है। उन्हें बस त्योहार का हिस्सा बनाना है। जब बच्चे पूजा की थाली सजाएंगे, दादी-नानी से कहानी सुनेंगे, परिवार के साथ गरबा करेंगे और प्रसाद बांटेंगे, तो नवरात्र उनके लिए परिवार के साथ बिताया एक यादगार समय बन जाएगा। वे अपनी परंपरा-संस्कृति से जुड़ेंगे।

डाइट सजेशन

डॉ. आस्था शर्मा
सीनियर डाइटीशियन

नवरात्र में कई महिलाएं नौ दिनों का व्रत रखती हैं। लेकिन व्रत पूरे करने के बाद डाइट में अचानक बदलाव करने से पाचन तंत्र पर असर पड़ सकता है। ऐसे में धीर-धीरे नॉर्मल डाइट में वापसी करनी चाहिए। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

व्रत के बाद न बरतें लापरवाही ऐसे करें नॉर्मल डाइट में वापसी



नवरात्र व्रत के दौरान कई महिलाएं नौ दिनों तक फलाहार या सीमित आहार का पालन करती हैं। इन दिनों आप भी ऐसा कर रही होंगी। लेकिन व्रत खत्म होने के बाद अचानक भारी, तला-भुना और ज्यादा मीठा खाना शुरू कर देना, शरीर के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। इससे गैस, पेट फूलना, कब्ज, एसिडिटी, थकान और ब्लड शुगर में उतार-चढ़ाव जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में व्रत के बाद शरीर को किसी 'क्रैश डिटॉक्स' की नहीं, बल्कि संतुलित और धीरे-धीरे सामान्य डाइट में लौटने की जरूरत होती है। व्रत के बाद शरीर को डिटॉक्स करने के नाम पर जूस डाइट, केवल फल खाने या लंबे समय तक खाना छोड़ने की जरूरत नहीं है। व्रत के बाद सबसे जरूरी है कि हम शरीर को पर्याप्त पानी, प्रोटीन, फाइबर और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स दें और सामान्य डाइट में धीरे-धीरे वापस आएं।

व्रत के बाद डाइट प्लानिंग: व्रत खोलने के तुरंत बाद बहुत ज्यादा खाना खाने से बचें। शुरुआत हल्के और आसानी से पचने वाले भोजन से करें। खिचड़ी, दही, चावल, मूंग दाल, सब्जियां, सूप या हल्का घर का बना भोजन बेहतर विकल्प हो सकते हैं। अगले कुछ दिनों में सामान्य संतुलित डाइट को धीरे-धीरे अपने रूटीन में शामिल किया जा सकता है।



लें प्रोटीन रिच डाइट: अगर व्रत के दौरान प्रोटीन का सेवन कम रहा है, तो व्रत के बाद इसकी भरपाई करना जरूरी है। डाइट में दाल, पनीर, दही, दूध, सोया, चना और अन्य प्रोटीन स्रोत शामिल करें। पर्याप्त प्रोटीन शरीर की मांसपेशियों को बनाए रखने और लंबे समय तक पेट भरा रखने में मदद करता है।

पानी और फाइबर बढ़ाएं: व्रत के दौरान पानी और फाइबर का सेवन कम होने से कब्ज और पेट फूलने की समस्या हो सकती है। दिनभर पर्याप्त पानी पिएं और धीरे-धीरे सलाद, फल, सब्जियां, साबुत अनाज और दालों को डाइट में शामिल करें। फाइबर अचानक बहुत ज्यादा बढ़ाने के बजाय इसकी मात्रा धीरे-धीरे बढ़ाना बेहतर है।

इन फूड्स से बनाएं दूरी: व्रत खत्म होते ही मिठाइयां, तली-भुनी चीजें, नमकीन, प्रोसेस्ड फूड, ज्यादा मसालेदार भोजन और शुगर युक्त ड्रिंक्स का अधिक सेवन न करें। लंबे समय तक कम कैलोरी लेने के बाद अचानक बहुत ज्यादा कैलोरी लेने से पाचन तंत्र पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है।

सबसे इफेक्टिव है बैलेंस डाइट: व्रत के दौरान कम खाने और व्रत खत्म होने के बाद ज्यादा खाने, दोनों से बचना चाहिए। अपनी मील प्लेट में प्रोटीन, सब्जियां, साबुत अनाज और स्वस्थ वसा का संतुलन रखें। शरीर को सामान्य रुटीन में लौटने के लिए जल्दबाजी न करें। यदि लगातार कमजोरी, चक्कर, उल्टी, गंभीर पेट की समस्या हो या फिर ब्लड शुगर कंट्रोल में नहीं रहता हो, तो डॉक्टर या डायटीशियन की सलाह लेना बेहतर रहेगा।

डिटॉक्स के लिए क्या करें: डिटॉक्स के लिए महंगे डिटॉक्स ड्रिंक्स या सप्लीमेंट्स जरूरी नही हैं। पर्याप्त पानी, संतुलित भोजन, अच्छी नींद और रोजाना शारीरिक गतिविधि ही शरीर को रिकवर करने के लिए पर्याप्त आधार देती है। व्रत के बाद रोजाना 20-30 मिनट की हल्की वॉक से शुरुआत की जा सकती है। यदि आप नियमित व्यायाम करती हैं, तो धीरे-धीरे अपनी सामान्य एक्सरसाइज रुटीन में लौट सकती हैं।

प्रस्तुतिः निशि

मेकअप

निधि गोयल

ऐसे करें मेकअप-मेंटेन रहेगा ग्लो

नवरात्र में गरबा नाइट में घंटों डांस और मस्ती के बीच आपका लुक भी परफेक्ट रहना चाहिए। लेकिन पसीने की वजह से मेकअप जल्दी खराब हो सकता है। ऐसे में जरूरी है कि मेकअप करते समय सही प्रोडक्ट्स अप्लाई करें और कुछ आसान स्टेप्स को भी फॉलो करें। इससे आपका मेकअप लंबे समय तक टिका रहेगा और आप पूरी रात फ्रेश और खूबसूरत नजर आएंगी।



सबसे पहले मॉयश्चराइजर: सबसे पहले त्वचा को साफ करना जरूरी है। इसके लिए माइल्ड फेस वॉश के जरिए चेहरे को अच्छी तरह साफ कर लें। फिर चेहरे को मॉयश्चराइज करें। इससे आपकी त्वचा पर नमी बनी रहेगी, साथ ही मेकअप ज्यादा ड्राय नजर नहीं आएगा। साथ ही मेकअप बेहतर तरीके से हो पाएगा। इसके बाद प्राइमर का इस्तेमाल करें, जिससे मेकअप ज्यादा देर तक टिका रहता है। अगर आपकी स्किन ऑयली है, तो मैटिफाइंग प्राइमर लगाएं, खासकर माथे, नाक और ठुड्डी के आसपास। ड्राय स्किन के लिए हाइड्रेटिंग प्राइमर बेहतर विकल्प हो सकता है।

ज्यादा हैवी बेस लगाने से बचें: अगर आप चाहती हैं कि गरबा करते हुए आपको मेकअप अट्रैक्टिव नजर आए, तो बहुत ज्यादा मेकअप करने से बचें। गरबा में घंटों डांस करना हो, तो चेहरे पर फाउंडेशन की मोटी परत लगाने से बचें। हल्का और लॉन्ग-वेयर बेस चुनें और जहां जरूरत हो, वहीं कंसीलर लगाएं। ज्यादा प्रोडक्ट लगाने पर पसीने के साथ पैची नजर आ सकता है।



वॉटरप्रूफ आई मेकअप: पसीने से आपका मेकअप मेल्ट न हो, इसके लिए आंखों पर वाटरप्रूफ आई मेकअप करें। इससे आपका मेकअप जल्दी से खराब नहीं होगा। बेहतर होगा कि आप वाटरप्रूफ काजल, आईलाइनर और मस्कारा चुनें।

टी-जोन को करें हल्का सेट: मेकअप के बाद ट्रांसलूसेंट या सेटिंग पावडर से खासतौर पर टी-जोन को हल्का सेट करें। इससे एक्सट्रा ऑयल को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा पावडर लगाने से चेहरा केकी दिख सकता है। इसलिए बहुत ज्यादा पावडर लगाने से बचें।

लॉन्ग-लास्टिंग लिपस्टिक: पसीना आने पर लिपस्टिक भी होंठों पर लंबे समय तक स्टे नहीं कर पाता है, तो ऐसे में जरूरी है कि बार-बार लिपस्टिक के टचअप से बचने के लिए मैट या ट्रांसफर-रेजिस्टेंट लिक्विड लिपस्टिक चुनें। लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों को मॉयश्चराइज करें और लिप लाइनर का इस्तेमाल करें।

(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)

डेकोरेशन

रजनी अरोड़ा

घर की सजावट हो अलग-आकर्षक

नवरात्र शुरू हो चुके हैं। आप इन दिनों अपने घर को कुछ अलग अंदाज में जरूर सजाना चाहेंगी। हम आपको कुछ ऐसे यूनीक आइडियाज बता रहे हैं, जिनसे आप अपने घर को आकर्षक अंदाज में डेकोरेट कर सकती हैं।







नवरात्र और आने वाले त्योहारों के लिए आप अपने घर को अलग अंदाज में जरूर सजाना चाहेंगी। हर बार वही पुरानी झालरें लगाने के बजाय इस बार घर थोड़ा क्रिएटिव तरीके से सजाइए। थोड़ी-सी मेहनत और कुछ खूबसूरत आइडियाज से घर का कोना-कोना त्योहारों की चमक से जगमगा उठेगा।

नौ रंगों के दुपट्टों से सजाएं दीवार: नवरात्र के नौ रंगों को घर की सजावट में शामिल करना इस बार कुछ अलग और खूबसूरत आइडिया हो सकता है। स्ट्रिंग लाइट्स की जगह नौ अलग-अलग रंगों के दुपट्टे या रंगीन कपड़े दीवार, दरवाजे या पूजा स्थल के पीछे लगाएं। इन्हें अलग-अलग ऊंचाई पर सजाने से दीवार को आकर्षक लुक मिलेगा। यह सजावट गरबा नाइट की तस्वीरों के लिए सुंदर बैकड्रॉप का काम भी करेगी।

गेंदे और आम के पत्तों का तोरण: त्योहारों में फूलों और पत्तों से बनी सजावट हमेशा खास लगती है। घर के मुख्य दरवाजे पर गेंदे के ताजे फूलों और आम के पत्तों से बना तोरण लगाएं। चाहें तो इसमें छोटे शीशे, मोती या रंगीन धागे भी जोड़ सकती हैं। इससे घर के प्रवेश द्वार पर पारंपरिक रंग और फूलों की खुशबू दोनों नजर आएंगे।

रंगोली बने आकर्षण का केंद्र: रंगोली को सिर्फ दरवाजे के पास छोटी-सी सजावट तक सीमित न रखें। इस बार इसे थोड़ा बड़ा बनाकर घर की सजावट का मुख्य आकर्षण बनाएं। रंगीन चावल, फूलों की पंखुड़ियां और दीयों की मदद से ज्यामितीय या फूलों वाले डिजाइन बनाए जा सकते हैं। हर दिन रंगोली का डिजाइन बदलने से सजावट में नयापन बना रहेगा।

मिट्टी के दीयों से रोशन करें घर: नवरात्र की सजावट में मिट्टी के दीयों की खूबसूरती अलग ही नजर आती है। पूजा स्थल, खिड़की, बालकनी या सीढ़ियों पर दीयों की कतार सजाएं। अलग-अलग आकार के दीयों को फूलों की पंखुड़ियों से सजी ट्रे में भी रखा जा सकता है। शाम के समय दीयों की हल्की रोशनी घर को आध्यात्मिक माहौल देती है।

बंधानी-शीशे वाले लटकन: अगर आप बिना ज्यादा खर्च के घर को रंगीन लुक देना चाहती हैं, तो बंधानी कपड़े और शीशे वाले राजस्थानी लटकन इस्तेमाल कर सकती हैं। इन्हें मुख्य दीवार या पूजा स्थल के पीछे सजाएं। दिन की रोशनी पड़ने पर छोटे शीशे चमकेंगे और कमरे में खूबसूरत सी-झिलमिलाहट नजर आएगी। रंग-बिरंगे लटकन भी नवरात्र के माहौल के साथ खूब मैच करते हैं।

सजाएं फूलों की मालाएं: इस बार सिर्फ एक लंबी माला लगाने के बजाय अलग-अलग फूलों की कई मालाओं से सजावट करें। गेंदे, गुलाब, गुलदाउदी जैसे फूलों की मालाओं को दरवाजे, खिड़की, पूजा स्थल या मंदिर के आसपास लगाया जा सकता है। हर दिन अलग रंग के फूलों का चुनाव करें। इससे सजावट में रोज थोड़ा बदलाव भी नजर आएगा और घर में फूलों की खुशबू भी बनी रहेगी।

खबर संक्षेप

घर बैठे मिलेगी पशु चिकित्सा सुविधा, 1962 पर करें कॉल

फतेहाबाद। हरियाणा सरकार द्वारा पशुपालकों को बेहतर एवं त्वरित पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मोबाइल वेटरिनरी यूनिट की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके तहत फतेहाबाद, भट्टू कलां, टोहाना, रतिया क्षेत्र में एक-एक मोबाइल वेटरिनरी वैन उपलब्ध करवाई गई है, ताकि पशुपालकों को उनके घर-द्वार पर पशु चिकित्सा सेवाएं मिल सकें। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप निदेशक डॉ. सुखविंद्र सिंह ने बताया कि पशुपालक अपने पशु के बीमार होने अथवा पशु चिकित्सा संबंधी सहायता के लिए टोल-फ्री नंबर 1962 पर कॉल कर सकते हैं।

प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों पर जेजेपी की बैठक 16 को

सिरसा। प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों पर विचार विमर्श करने तथा जननायक जनता पार्टी संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार एक महत्वपूर्ण बैठक आगामी 16 अक्टूबर को जिला सोनीपत स्थित पार्क ब्लू होटल में होगी। जेजेपी के जिला प्रेस प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी ने बताया कि इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ. अजय सिंह चौटाला करेंगे। ज्याणी ने बताया कि इस महत्वपूर्ण बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी, प्रदेश कार्यकारिणी, विभिन्न प्रकोष्ठों की राज्य कार्यकारिणी, सामान्य प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष एवं प्रभारी, प्रदेश प्रवक्ता एवं सहप्रवक्ता, जिला प्रवक्ता आदि शामिह होंगे।

सिरसा के विकास की जगह विनाश का आरोप

सिरसा। सिरसा विकास मिशन के अध्यक्ष प्रदीप सचदेवा ने कहा कि पिछले एक दशक में सिरसा में भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड टूट गए हैं और इसके विकास की जगह बुरी तरह विनाश कर दिया गया है। सोमवार को जारी बयान में सचदेवा ने कहा कि भ्रष्टाचार मिटाने के सरकारी दावों के विपरीत नजर आ रहा है और भ्रष्टाचार के मामलों में पहले से कई गुणा वृद्धि हुई है। इस मामले में राजनेताओं ने भी बुरी तरह निराश किया है और लोग खुद को अनाथ समझने लगे हैं। ऐसे में मिशन का मानना है कि सिरसा के जागरूक नागरिकों को संगठित होकर सिरसा की आवाज बनना चाहिए।

ठेकेदार हत्याकांड में एक और मुख्य आरोपी काबू

चौपटा। गांव जमाल में सोलर प्लांट ठेकेदार सुभाष चंद्र की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक और मुख्य आरोपी विजय कुमार उर्फ गोकुल निवासी जांडली कलां तहसील भूना, जिला फतेहाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि 6 अक्टूबर को नाथूसरी चौपटा थाना क्षेत्र के गांव जमाल में राजस्थान सीमा के पास हैक्सा सन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड का सोलर प्लांट लगाया जा रहा था। यहां ठेकेदारी का काम करने वाला सुभाष चंद्र दोपहर करीब डेढ़ बजे प्लांट में बैठा था। इसी दौरान दो-तीन युवक वहां पहुंचे और उसे गोली मारकर फरार हो गए।

99वीं श्री राम सेवा समिति चिल्ली वाली रामलीला की तैयारियां शुरू

रामलीला से पहले चांदी के सिक्के की पूजा दशहरे पर होगा श्रीराम का राजतिलक



फतेहाबाद। श्री श्याम मंदिर में चांदी के सिक्के की पूजा अर्चना कर स्थापित करते समिति सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

ऐतिहासिक 99वीं श्री राम सेवा समिति चिल्ली वाली रामलीला के शुभारंभ से पूर्व आज भगवान श्रीराम के चांदी के सिक्के को पूरे विधि-विधान एवं श्रद्धा भाव के साथ श्री श्याम मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए स्थापित किया गया। यह धार्मिक आयोजन समिति के प्रधान धर्मपाल बुडलाडिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समिति की इस परंपरा का विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व है। भगवान श्रीराम के चांदी के सिक्के की पूजा-अर्चना के साथ रामलीला के सफल आयोजन की मंगलकामना की गई। मान्यता के अनुसार, इसी पवित्र सिक्के से विजयदशमी के दिन भगवान श्रीराम का राजतिलक किया जाएगा, जो बुराई पर अच्छाई, अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। समिति की ओर से रामलीला के सफल आयोजन एवं समस्त क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की गई।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर समिति के सचिव ज्ञान चंद मित्तल, महाप्रबंधक दयानंद गर्ग, पूर्व उपप्रधान नगर पालिका राजेंद्र मोदी, समिति के कोषाध्यक्ष संजय गोयल, पूर्ण सिंगला, रामलीला के सह निर्देशक शंकर बंसल, संयोजक अशोक गर्ग जोगी, सह संयोजक संदीप मित्तल, गौरव बंसल, एडवोकेट सुशील बंसल, सुनील शर्मा, नितिन मोदी, महेश जिंदल, चैत राम वर्मा सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

शक्ति नाटक क्लब की रामलीला, दूसरे दिन पुत्रेष्टि यज्ञ के बाद गूंजी राम जन्म की किलकारियां



रतिया। शक्ति नाटक क्लब रतिया द्वारा बाबा बंदा सिंह बहादुर गुरुद्वारा ग्राउंड, शक्ति नगर में आयोजित भव्य रामलीला के दूसरे दिन प्रभु राम के जन्म का मनमोहक और भावुक दृश्य मंचित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खाटू श्याम मंदिर सेवा ट्रस्ट के प्रधान राजू करण्डी वाले ने मुख्य ज्योति प्रज्वलित कर किया। रामलीला के दूसरे दिन के मंचन में दिखाया गया कि अयोध्या के राजा दशरथ का दरबार राजसी वैभव से सजा हुआ है। सिंहासन पर विराजमान राजा दशरथ के दोनों ओर मंत्री, सभासद और कुलगुरु महर्षि वशिष्ठ बैठे हैं। विशाल राज्य, अपार संपत्ति और प्रजा के स्नेह के बावजूद संतान न होने के कारण राजा दशरथ व्यथित रहते हैं। उन्हें चिंता सताती है कि उनके बाद रघुवंश का उत्तराधिकारी कौन होगा। चिंतामुक्त होने के लिए राजा दशरथ अपने कुलगुरु महर्षि वशिष्ठ से परामर्श लेते हैं। महर्षि वशिष्ठ उन्हें पुत्रेष्टि (पुत्रकामेष्टि) यज्ञ कराने की सलाह देते हैं और इसके लिए महर्षि ऋष्यश्रृंग को आमंत्रित करने को कहते हैं। राजा दशरथ के निमंत्रण पर महर्षि ऋष्यश्रृंग अयोध्या पधारते हैं और सरयू नदी के तट पर भव्य यज्ञ मंडप सजाया जाता है।

राम जन्म होते ही गूंजे जयकारे

महर्षि ऋष्यश्रृंग के मुख्य आचार्यत्व और महर्षि वशिष्ठ की देखरेख में पुत्रेष्टि यज्ञ विधि-विधान से संपन्न होता है। यज्ञ की पूर्णाहूति के समय अग्निदेव स्वयं स्वर्ण पात्र में दिव्य खीर लेकर प्रकट होते हैं। राजा दशरथ वह दिव्य प्रसाद अपनी तीनों रानियों में बांटते हैं, जिसके पश्चात भगवान राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म होता है। राम जन्म का दृश्य मंचित होते ही पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर पंचनंद स्मारक समिति के प्रधान रोहित चुघ, विनोद डोडा, सोनू मंगला, विन्नी वधवा, डॉ. नीरज कटारिया, विक्की मेहता, सोमनाथ लोहे वाले, मां की रसोई के संचालक राजू पपरेजा, टिंकू दहुजा, रमेश मेहता, राजू चुघ, शंटी गाबा और पिंचु नागपाल सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की।



सिरसा। भजनों पर झूमते श्रद्धालुजन। फोटो : हरिभूमि

श्री श्याम बगीची धाम में भजन संध्या

ओ सांवरे मुझे तेरी जरुरत है... पर थिरके श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

- समाज के मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

महाराजा अग्रसेन महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में श्री अग्रवाल सभा के साथ अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा जिला सिरसा, अग्रवाल चैरिटेबल समाज सिरसा इकाई, इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन तथा श्री अग्रवाल परिवार सेवा ट्रस्ट सिरसा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को श्री श्याम बगीची धाम में भजन संध्या, डंडिया व भंडारे का आयोजन किया गया।

श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि महाराजा अग्रसेन महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में बगीची परिसर में भजन संध्या, डांडिया एवं भंडारे का आयोजन किया गया। भाजपा नेता मनीष सिंगला ने पूजा अर्चना की। मंदिर के पुजारी हितेश शर्मा, ऋईशांत भारद्वाज व दुली चंद ने विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न करवाई। इसके बाद बाबा श्याम की पावन ज्योत प्रज्वलित की गई और आरती की गई। महेंद्र गोयल ने गणेश वंदना से भजन संध्या का आगाज किया। इसके बाद उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ किया और कई भजनों की प्रस्तुति दी। बाद में बठिंडा से आई भजन गायिका आरती खन्ना ने भजन- कीर्तन की है रात बाबा आज थाणै आणो है, पलके ही पलकें बिछाएंगे जिस दिन श्याम घर आएंगे सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी, जिन पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। शाम को भंडारे का शुभारंभ किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। भजन संध्या के दौरान डांडिया का आयोजन किया गया।

अग्रसेन जयंती पर रक्तदान शिविर

सिरसा। महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में महाराजा अग्रसेन सेवादल सिरसा एवं अग्रवाल वैश्य समाज सिरसा इकाई द्वारा संयुक्त रूप से महाराजा अग्रसेन गल्र्ज सीनियर सेकंडरी स्कूल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 12 महिलाओं सहित 97 रक्तदाताओं ने भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर संस्था की ओर से हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। रक्तदान एक ऐसा पुनीत कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी साबित हो सकता है। इसके साथ ही अग्रवाल वैश्य समाज की



तरफ से आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पं. परीक्षित शर्मा, सुनील शर्मा योगी, पुलिस अधिकारी बनवारी लाल बिश्नोई, कपिल सरावगी, महाराजा अग्रसेन सेवा दल से सन्नी बांसल, सुनील सिंगला, कुलदीप गर्ग, शिवा बांसल आदि मौजूद रहे।

जानकारी के अभाव में पात्र वंचित न रहें : बबली

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सोमवार को जाखल में सेवा सेतु कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में विभिन्न सरकारी विभागों की ओर से स्टाल लगाकर आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सरकारी सेवाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र नागरिकों को विभिन्न योजनाओं के तहत आवेदन करने में सहयोग प्रदान किया गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने कैम्प में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कैम्प के दौरान पात्र नागरिकों को संबंधित योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों एवं अन्य औपचारिकताओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, आवेदन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया, ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। पूर्व मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सरकारी सेवाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। सरकार का प्रयास है कि पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक जानकारी और मार्गदर्शन आसानी से उपलब्ध हो तथा कोई भी पात्र व्यक्ति जानकारी के अभाव में सरकारी योजना के लाभ से वंचित न रहे।



भाजपा नेता ने वोट चोरी को लेकर सांसद व विधायक पर लगाए आरोप

सिरसा। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला प्रवक्ता डॉ. गंगासागर केहरवाला ने कांग्रेस नेता कुमारी सैलजा पर वोट चोरी को लेकर गंभीर आरोप जड़े है। सोमवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में केहरवाला ने सांसद कुमारी सैलजा व कालांवाली से विधायक शीशपाल केहरवाला को लेकर कई खुलासे किए। उन्होंने कहा कि जो कांग्रेसी नेता आज वोट चोरी की बात करते हैं वास्तव में उन्होंने ही पूर्व में वोट चोरी करवाए हैं। उन्होंने बताया कि 2005 में पूर्व विधायक एवं मेरे पिता स्व. मनीराम केहरवाला ऐलनाबाद आरक्षित सीट से चुनाव लड़ रहे थे और वे भजन लाल गुट के साथ थे जबकि दूसरी ओर उन्हीं के ही पारिवारिक सदस्य ओमप्रकाश केहरवाला सैलजा गुट के साथ थे और टिकट के लिए जोर अजमाइश कर रहे थे। केहरवाला ने बताया कि जब उनके पिता जी को कांग्रेस की टिकट मिल गई तो ऐलनाबाद में ही उनके समक्ष ओमप्रकाश केहरवाला निर्दलीय मैदान में उतर गए। कांग्रेस के समर्थक ओमप्रकाश केहरवाला के निर्दलीय चुनाव मैदान में आने के बाद सैलजा के पास पहुंचे और निर्दलीय को बैठाने का आग्रह किया लेकिन बैठाने की बजाय सैलजा समर्थक कांग्रेस को छोड़कर ओमप्रकाश के साथ लग गए। जिसकी वजह से कांग्रेस प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा। केहरवाला ने कहा कि सांसद सैलजा जब नारा लगाती हैं कि वोट चोर गद्दी छोड़ तो सबसे पहले तो सैलजा को सांसद की गद्दी छोड़कर इस्तीफा दे देना चाहिए, क्योंकि वोट चोरी तो ऐलनाबाद में इन्होंने ही की थी। कांग्रेस के कालांवाली के विधायक नारा लगाते हैं कि वोट चोर गद्दी छोड़ तो बड़ा हास्यास्पद लगता है, कोई इनसे पूछे कि 2005 में आपने कांग्रेस के वोट क्यों चुराए थे? क्यों ओमप्रकाश को परिवार की राजनीतिक हत्या का दोषी बनने पर मजबूर किया? वास्तव में कांग्रेस ही कांग्रेस के वोट चुराती है और आरोप भारतीय जनता पार्टी पर लगाती है। ऐसा अब भी होगा क्योंकि अगर हुड्डा समर्थक को टिकट मिला तो बाकी सभी 4-5 गुट अपना अपना आजाद उ मीदवार उतारेंगे और अगर शैलजा समर्थक को टिकट मिल गया तो हुड्डा और बाकी गुट अपना उ मीदवार खड़ा करेंगे।

उत्साह से मनाई महाराजा अग्रसेन जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



शरद नवरात्रि के शुभारंभ के अवसर पर अग्रवाल सभा द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में महाराजा अग्रसेन जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विधि-विधान के साथ हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें आहुतियां डालकर समाज एवं शहर की सुख-समृद्धि, खुशहाली, शांति और उन्नति की कामना की गई। अग्रवाल सभा के संरक्षक देवी दयाल तायल के सानिध्य में व अग्रवाल सभा के अध्यक्ष सुभाष गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों और उनके द्वारा दिए गए समाजसेवा, समानता, आपसी भाईचारे तथा जनकल्याण के संदेश को याद किया गया। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन की पवित्र ध्वजा फरहाई गई और महाराजा अग्रसेन चौक पर मालार्पण किया गया।

इंद्र गावड़ी बने प्रदेश संयोजक

फतेहाबाद। आल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी द्वारा शहर के होटल 7 स्पाइस में परिवार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी साहिब दयाल वधवा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश चुघ विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज हित में उत्कृष्ट सेवाओं को देखते हुए आयोजक इंद्र कुमार गावड़ी को आल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी का हरियाणा प्रदेश संयोजक मनोनीत किया गया। समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, हरियाणा एग्रो के चेयरमैन भारत भूषण मिढ़ा तथा भाजपा मीडिया प्रभारी कंवल चैधरी ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की।



प्रवीण कुमार बने सहायक उपनिरिक्षक

फतेहाबाद। पुलिस विभाग में पदोन्नति अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेहनत, कर्तव्यनिष्ठा तथा उत्कृष्ट सेवाओं का वास्तविक सम्मान है। इसी कड़ी में मुख्य सिपाही पद से पदोन्नत होकर सहायक उप निरीक्षक बने प्रवीण कुमार को पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने अपने कार्यालय में स्टार लगाकर पदोन्नति की शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एसपी ने कहा कि पदोन्नति किसी भी पुलिसकर्मी के जीवन में गर्व और सम्मान का अवसर होने के साथ-साथ उसकी बढ़ी हुई जिम्मेदारियों का भी प्रतीक होती है। उन्होंने नवपदोन्नत सहायक उप निरीक्षक प्रवीण कुमार से अपेक्षा व्यक्त की कि वे अनुशासन, पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने व्यावसायिक दायित्वों का निर्वहन करेंगे।



न्यूज डायरी

लायंस क्लब द्वारा आंखों का कैंप 12 नवंबर को

रतिया। लायंस क्लब रतिया सिटी की ओर से 12 नवंबर को एक विशाल आंखों का निरीक्षण एवं जांच कैंप लगाया जाएगा। यह कैंप बस स्टैंड के नजदीक स्थित कम्युनिटी हाल, रतिया में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध शंकर हॉस्पिटल, लुधियाना के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम पहुंचकर मरीजों की आंखों की जांच करेगी। क्लब के अध्यक्ष गोपाल चंद कुलारियां ने बताया कि इस कैंप को सफल बनाने के लिए क्लब की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में सर्वसम्मति से एक टीम का गठन किया गया, जिसमें वीरभान बंसल को प्रोजेक्ट चेयरमैन, डॉ. सोमचंद गोयल और हरपाल सिंह खैरा को को-प्रोजेक्ट चेयरमैन तथा लायन एडवोकेट अमीर तनेजा को प्रोजेक्ट डिजाइनर एवं सलाहकार की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। क्लब की इस पूरी टीम को कैंप की सफलता के लिए व्यापक योजना तैयार करने और आवश्यक प्रबंध करने का दायित्व दिया गया है, ताकि क्षेत्र के अधिक से अधिक लोग इस मुफ्त नेत्र जांच का लाभ उठा सकें।

खेल महाकुंभ के लिए जिला स्तरीय ट्रायल आज से

सिरसा। राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ (पुरुष एवं महिला) ओपन कैटेगरी के लिए 13 और 14 अक्टूबर को जिला स्तरीय ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। कार्यकारी जिला खेल अधिकारी डॉ. सीमा रानी ने बताया कि खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड, हरियाणा निवास प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र की फोटोकॉपी और दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर सुबह 08 बजे निर्धारित स्थान पर पहुंचना होगा। उन्होंने बताया कि 13 अक्टूबर को शहीद भगत सिंह स्टेडियम में आर्चरी (तीरंदाजी), एथलेटिक्स (रनिंग/दौड़), साइक्लिंग, कैनोइंग, फेंसिंग, हॉकी, जुडो और टेनिस के ट्रायल होंगे। इसी प्रकार द सिरसा स्कूल में बैडमिंटन, द सिरसा स्कूल बरनाला रोड में फुटबॉल, चौधरी दलबीर सिंह इंडोर स्टेडियम में जिमनास्टिक और शाह सतनाम जी बॉयज स्कूल के स्विमिंग पूल में तैराकी का ट्रायल होगा। उन्होंने बताया कि 14 अक्टूबर को शहीद भगत सिंह स्टेडियम में कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, वॉलीबॉल, ताइक्वांडो, क्रिकेट, खो-खो, वुशु, बॉक्सिंग, बास्केटबॉल, कराटे व कबड्डी के ट्रायल आयोजित किए जाएंगे।

बाइक चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

भूना। गांव डुल्ट से चोरी हुई स्प्लेंडर मोटरसाइकिल मामले की गुत्थी सुलझाते हुए भूना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान राकेश कुमार उर्फ राजा पुत्र महिन्द्र निवासी गांव डुल्ट तथा लखी राम उर्फ बुल्ली पुत्र सुरजीत निवासी इंदिरा कालोनी, टोहाना के रूप में हुई है। थाना भूना प्रभारी उप-निरीक्षक कंवरपाल ने बताया कि कंबोज कालोनी, भूना निवासी रोहित कुमार पुत्र सतीशपाल, जो उकलाना रोड पर जूतों की दुकान चलाता है, ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, गत 7 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल से किसी निजी काम से गांव डुल्ट गया था। वहां उसने अपनी मोटरसाइकिल रामदेव मंदिर वाली गली में खड़ी की और अपने परिचित भाल सिंह के घर चला गया। थोड़ी देर बाद जब वह वापस लौटा तो उसकी मोटरसाइकिल गायब मिली।

समाधान शिविरों में एसडीएम ने सुनी समस्याएं



सिरसा। सोमवार को सिरसा स्थित लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में एसडीएम राजेंद्र कुमार ने आमजन की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। जिला में आयोजित समाधान शिविरों में आमजन ने कुल 26 शिकायतें आई। डबवाली में आयोजित उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में एसडीएम योगेश ढिलहोर व ऐलनाबाद में एसडीएम अदिति सिंघानिया ने आमजन की समस्याएं सुनीं। एसडीएम राजेंद्र कुमार ने कहा कि आमजन की सुविधा के लिए प्रत्येक सोमवार और वीरवार को समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। नागरिक सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होने वाले इन शिविरों में पहुंचकर अपनी किसी भी प्रकार की शिकायत या समस्या प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं। प्रशासन द्वारा शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाया जाएगा।

चोरी की बुलेट पर घूम रहे युवक को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

बस स्टैंड पुलिस चौकी की टीम ने बरनाला रोड पर नाकाबंदी के दौरान चोरी की बुलेट बाइक सहित एक युवक को काबू किया। पुलिस ने पूछताछ और जांच के आधार पर चोरी की वारदात में शामिल दूसरे आरोपी को भी पंजाब के सरदूलगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, बीती रात बस स्टैंड पुलिस चौकी की टीम बरनाला रोड पर बस स्टैंड के नजदीक टी-प्वाइंट पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान भूमण शाह चौक की तरफ से पंजाब नंबर की बुलेट बाइक आती दिखाई दी। सामने पुलिस को देखकर बाइक सवार युवक ने अचानक वापस मुडक़र भागने की कोशिश की। पुलिसकर्मियों ने शक के आधार पर युवक को पकड़ लिया। बाइक के कागजात मांगने पर युवक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि बाइक संगरूर निवासी व्यक्ति की है। बाइक मालिक ने बताया कि उसकी बुलेट करीब दो महीने पहले पटियाला यूनिवर्सिटी से चोरी हुई थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी गुरदेव सिंह उर्फ साहिब निवासी भंडेरी कलां, जिला पटियाला पंजाब के खिलाफ थाना सिविल लाइन सिरसा में मामला दर्ज कर बाइक कब्जे में ले ली। जांच आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने दूसरे आरोपी प्रगट सिंह निवासी झंडा कलां, जिला मानसा पंजाब को सरदूलगढ़ से गिरफ्तार कर लिया।

कार्यक्रम विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर अहरवां में राष्ट्रीय सेमिनार

मानसिक स्वास्थ्य के लिए उपदेश नहीं धैर्य से सुनने की जरूरत : डॉ. सिवाच

- बोले विशेषज्ञ : परीक्षा, करियर और सोशल मीडिया का दबाव बढ़ा रहा विद्यार्थियों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शहीद बाबा दीप सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस अहरवां में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर नर्सिंग कॉलेज, वेटरनरी कॉलेज और कॉलेज ऑफ एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया। 'जीवन के अनुभवों को सुनना : वास्तविक आवाजें, वास्तविक बदलाव' विषय पर आयोजित सेमिनार में दिल्ली के मनोचिकित्सक डॉ. अवी सिवाच ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज विद्यार्थियों पर परीक्षा, करियर की अनिश्चितता, परिवार की अपेक्षाओं, सोशल मीडिया और भावनात्मक अकेलेपन का दबाव है। ऐसे में उनकी परेशानी को समझने के लिए उपदेश देने के बजाय धैर्यपूर्वक उनकी बात सुनना जरूरी है।



मरीज की बीमारी के साथ उसकी भावनाएं समझें

नर्सिंग विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. सिवाच ने कहा कि स्वास्थ्यकर्मियों को मरीज को केवल शारीरिक बीमारी के रूप में नहीं देखना चाहिए। बीमारी के पीछे डर, चिंता, अकेलापन और अवसाद जैसी भावनाएं भी हो सकती हैं। ऐसे में मरीज के साथ संवेदनशीलता और करुणा से पेश आना जरूरी है। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को अपनी मानसिक सेहत का ध्यान रखने की भी सलाह दी। लगातार दूसरों की सेवा करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों में थकान और भावनात्मक तनाव की आशंका रहती है। इसलिए आत्म-देखभाल स्वार्थ नहीं, बल्कि पेशेवर जिम्मेदारी है।

मानसिक परेशानी छिपाएं नहीं, विशेषज्ञ की मदद लें : डॉ. सिवाच ने कहा कि मानसिक रोगों को लेकर समाज में मौजूद झिझक और गलत धारणाओं को दूर करना जरूरी है। मनोचिकित्सक से मदद लेना कमजोरी नहीं, बल्कि समझदारी और हिम्मत का कदम है। जिस तरह शारीरिक बीमारी होने पर डॉक्टर से परामर्श लिया जाता है, उसी तरह मानसिक परेशानी होने पर भी विशेषज्ञ की मदद लेनी चाहिए। सेमिनार का शुभारंभ चेयरपर्सन शरणजीत कौर, सचिव हरमीत सिंह, रमनदीप सिंह, डॉ. अनूप संधू और डॉ. सुधीर खन्ना ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। चेयरपर्सन शरणजीत कौर ने मानसिक स्वास्थ्य को भावनात्मक कल्याण का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया।

खबर संक्षेप

चेक बाउंस मामले में दो वांछित भगोड़े काबू

सिरसा। पीओ स्टाफ सिरसा की अलग-अलग पुलिस टीमों ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चेक बाउंस मामले में दो वांछित भगोड़े आरोपियों को काबू किया है। पीओ स्टाफ प्रभारी ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपियों को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नही आया। अदालत में आरोपी रिछपाल सिंह को 16 मई 2022 को पीओ घोषित किया गया जबकि आरोपी राजू को 15 सिंतबर 2026 को पीओ घोषित किया गया था।

महिला समर्थ संस्थान पुरस्कार के आवेदन मांगे

सिरसा। महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा की ओर से महिला समर्थ संस्थान पुरस्कार योजना के अंतर्गत वर्ष 2026-2027 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की उप निदेशक डॉ. दर्शना सिंह ने बताया कि निदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचकूला द्वारा जारी पत्र के अनुसार पात्र संस्थान निर्धारित मानदंडों के तहत पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन का प्रदर्शन

रतिया। ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन यूनिट रतिया की ओर से सोमवार को एसडीएम के माध्यम से देश के राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान रतिया बार के सैकड़ों अधिवक्ता एकजुट होकर बार रूम से एसडीएम कार्यालय तक पहुंचे और केंद्र सरकार की नीतियों व अघोषित इमरजेंसी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यूनियन के सचिव रामचंद्र सहनाल के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया।

गुरु रामदास महाराज का प्रकाशोत्सव 27 को

रतिया। चौथे पातशाह श्री गुरु रामदास साहिब महाराज जी के प्रकाशोत्सव संबंधी श्री गुरु रामदास जी सेवा सोसायटी की बैठक प्रधान जगसीर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में श्री गुरु रामदास महाराज जी का प्रकाशोत्सव 27 अक्टूबर को मनाने संबंधी विचार चर्चा की गई। प्रधान ने बताया कि सोसायटी द्वारा हर वर्ष रतिया में गुरू साहिब जी का प्रकाशोत्सव बड़े उत्साह एवं श्रद्धा भाव से मनाया जाता है और इस बार 27 अक्टूबर को गुरूद्वारा श्री गुरू ग्रंथ साहिब पुराना बाजार रतिया में मनाया जाएगा ।

शिविर में एसडीएम ने सुनीं शिकायतें

फतेहाबाद। एसडीएम राजेश कुमार ने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं का अधिकारी मौके पर ही निपटान करने का हरसंभव प्रयास करें। एसडीएम राजेश कुमार सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शहर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। समाधान शिविर में आई कुल 9 शिकायतों में फतेहाबाद निवासी जफरूदीन ने पीपीपी आईडी में नाम कटवाने सहित अन्य मामलों में की सुनवाई कर निर्देश दिए।

ड्रग फ्री टोहाना एथलेटिक टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

600 मीटर दौड़ में अभिजीत प्रथम वंश द्वितीय और दीपांशु तृतीय रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नशे के खिलाफ जन-जागरूकता बढ़ाने और युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने के उद्देश्य से टोहाना में ड्रग फ्री टोहाना एथलेटिक टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। सोमवार को दमकौरा खेल स्टेडियम में आयोजित इस टूर्नामेंट में विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा, गति और दमखम का प्रदर्शन किया। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

अंडर-16 आयु वर्ग के लडक़ों की 600 मीटर दौड़ में अभिजीत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। वंश दूसरे और दीपांशु तीसरे स्थान पर रहे। इस स्पर्धा में खिलाड़ियों ने अपनी गति और सहनशक्ति का परिचय देते हुए दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। इसी आयु वर्ग की लड़कियों की 600 मीटर दौड़ में गुरुग्राम की गुंजन ने प्रथम, जींद की अमन ने द्वितीय और उत्तर प्रदेश की इशान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में चौथे से दसवें स्थान तक फतेहाबाद की रितिका, जींद की दीप्ति, उत्तर प्रदेश की महक, पंजाब की सिमरनजीत कौर, रोहतक की साक्षी, रोहतक की कल्पना और उत्तर प्रदेश की अमृता रहीं। इन खिलाड़ियों ने भी अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन किया।



फतेहाबाद। ड्रग फ्री टोहाना एथलेटिक टूर्नामेंट में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते सांसद सुभाष बराला। *फोटो : हरिभूमि*


फतेहाबाद। कबड्डी टूर्नामेंट की विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि भवानी सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

ओपन 1600 मीटर दौड़ में सचिन जीता

ओपन वर्ग की 1600 मीटर दौड़ में खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। इस स्पर्धा में सचिन ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि शिवा तोमर दूसरे और भिवानी के विशाल तीसरे स्थान पर रहे। लंबी दूरी की इस दौड़ में खिलाड़ियों ने अपनी सहनशक्ति, निरंतरता और मेहनत का परिचय दिया। प्रतियोगिता के समापन पर सांसद सुभाष बराला ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी खेलों के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेलों में भागीदारी से युवाओं में आगे बढऩे का जज्बा पैदा होता है और वे अपने लक्ष्य के प्रति अधिक समर्पित बनते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहें और अपने साथियों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेकर युवा स्वस्थ शरीर और सकारात्मक सोच के साथ अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है और इसके लिए प्रत्येक युवा को स्वयं जागरूक होने के साथ-साथ दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए।

खेलों से निखरती है प्रतिभा, युवा नशे की लत छोड़क मैदानों का रुख करें : भवानी सिंह

फतेहाबाद। खेलकूद युवाओं को ऊर्जावान बनाने के साथ-साथ उन्हें नशे जैसी गंभीर सामाजिक बुराई से दूर रखने का सबसे सशक्त माध्यम हैं। आज के युवाओं को अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग खेल मैदानों में करना चाहिए, ताकि वे एक स्वस्थ और मजबूत राष्ट्र के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा सकें। यह बात नशामुक्ति सेना के अध्यक्ष भवानी सिंह ने गांव भिरड़ाना में भूथन रोड, रेबारी चैपाल के पास राईका कबड्डी क्लब द्वारा आयोजित 45 किलोग्राम भार वर्ग कबड्डी टूर्नामेंट के समापन अवसर पर खिलाड़ियों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही। इस दौरान ग्रामीणों और क्लब के सदस्यों द्वारा गांव पहुंचने पर मुख्य अतिथि भवानी सिंह का फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। भवानी सिंह ने कहा कि युवा शक्ति ही देश की असली पूंजी है। यदि हमारी युवा पीढ़ी खेलों से जुड़ेगी तो वह नशे जैसी कुरीतियों से स्वतः ही दूर रहेगी। खेल से जीवन में प्रतिस्पर्धात्मक भावना और आगे बढऩे का जज्बा पैदा होता है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और खेलों व सामाजिक गतिविधियों से जुडऩे का संकल्प दिलवाया। इस प्रतियोगिता में 45 किलोग्राम भार वर्ग के तहत 20 से अधिक टीमों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। टूर्नामेंट के दौरान सभी टीमों के खिलाड़ियों ने मैदान पर अपनी ताकत, दांव-पेंच और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों ने तालियां बजाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

कबड्डी हमारी सांस्कृतिक विरासत का अंग: शर्मा



सिरसा। गांव शाहपुर बेगू में युवा स्पोर्ट्स क्लब की ओर से आयोजित दो दिवसीय कबड्डी कप का समापन हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम के लिए 41 हजार रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम के लिए 31 हजार रुपए की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई थी। इसके अलावा बेस्ट रेडर और बेस्ट जाफी के लिए 5100-5100 रुपए के पुरस्कार रखे गए। प्रतियोगिता में 30, 45 और 55 किलोग्राम भार वर्ग के मुकाबले भी आयोजित किए गए। समापन समारोह में हरियाणा युवा कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहित शर्मा ने विशेष रूप से शिरकत कर खिलाडिय़ों का उत्साहवद्र्धन किया। उन्होंने कहा कि कबड्डी हमारी पारंपरिक खेल संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह खेल युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ उनमें अनुशासन, साहस, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करता है। गांवों में इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित होने से ग्रामीण प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलता है।

खेल महाकुंभ के लिए 14 से 16 अक्टूबर तक

फतेहाबाद। जिला खेल अधिकारी विष्णु दास ने बताया कि खेल विभाग हरियाणा द्वारा विभिन्न खेलों में राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाएगा। यह प्रतियोगिताएं पुरुष व महिला दोनों वर्गों में होगी। इन प्रतियोगिताओं के लिए जिला स्तर पर खिलाड़ियों का ट्रायल 14 से 16 अक्टूबर को होगा। जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खेल विभाग द्वारा खिलाडिय़ों को ट्रैक सूट भी उपलब्ध करवाएं जाएंगे। ट्रायल सुबह 8 बजे शुरू होंगे। उन्होंने बताया कि 14 अक्टूबर को जिम्नास्टिक के खिलाड़ियों की ट्रायल भोडिया खेड़ा खेल स्टेडियम, एथलैटिक्स के ट्रायल शहीद भगत सिंह खेल स्टेडियम दमकौरा, बॉक्सिंग खिलाड़ियों की ट्रायल आईजी कॉलेज टोहाना, हॉकी के खिलाड़ियों की ट्रायल हॉकी खेल मैदान बैजलपुर तथा बैडमिंटन के खिलाड़ियों की ट्रायल स्थानीय सतीश कॉलोनी स्थित अपैक्स पब्लिक स्कूल में होंगे। 15 अक्टूबर को आर्चरी के खिलाड़ियों की ट्रायल रॉयल पब्लिक स्कूल बहबलपुर, बास्केटबॉल के खिलाड़ियों के ट्रायल स्थानीय एमएम कालेज, साईक्लिंग के खिलाड़ियों की ट्रायल खेल स्टेडियम फूलां, क्नोइंग, फैसिंग, जूडो, टैनिस, कुश्ती के खिलाड़ियों की ट्रायल भोडिया खेड़ा खेल स्टेडियम, कबड्डी के खिलाड़ियों की ट्रायल प्राथमिक प्राइमरी पाठशाला दहमन, हैंडबॉल के खिलाड़ियों की ट्रायल राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल नहला तथा क्रिकेट के खिलाड़ियों की ट्रायल क्रिकेट खेल स्टेडियम ललौदा में होंगे। इसी प्रकार से 16 अक्टूबर को फुटबॉल के खिलाड़ियों की ट्रायल राजकीय महाविद्यालय भूना, नैटबॉल के खिलाड़ियों की ट्रायल आदर्श सीनियर सैकेंडरी स्कूल में होगा।

खंड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में पचास विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया

- नेजाडेला खुर्द के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में लगी संसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

गांव नेजाडेला खुर्द के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खण्ड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 12वीं के लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्पीकर, महासचिव, प्रधानमंत्री, विपक्ष का नेता सहित अनेक सांसद बनकर एक घंटे तक अभिनय करके संसद की कार्यप्रणाली को चलाया। युवा संसद के आयोजन पर देश की मुख्य समस्याओं के मुद्दे रखे गए व उन पर तीखी बहस व कुछ प्रस्तावों पर विचार-विमर्श करके संसद में पास किया गया। प्रतियोगिता की तैयारी राजनीतिक विज्ञान प्रवक्ता हरीश सिंगला व इतिहास प्राध्यापिका कुमारी विद्या के मार्गदर्शन में स्टाफ सदस्यों व बच्चों के सहयोग से की गई। प्रतियोगिता में बतौर निर्णायक मंडल में सुनीता बिश्नोई व अन्य ने भूमिका निभाई।


सिरसा। युवा संसद प्रतियोगिता में भाग लेते स्कूली विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

11.41 ग्राम हेरोइन सहित युवक काबू

फतेहाबाद। सीआईए फतेहाबाद की पुलिस टीम ने एक युवक को 11.41 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गुरदास उर्फ गुरी पुत्र बलविन्द्र सिंह, निवासी नूरपुर ढाणी, गांव दिवाना, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। सीआईए फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि एएसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त पर थी। इसी दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी गुरदास उर्फ गुरी अवैध रूप से हेरोइन बेचने का धंधा करता है और वह फतेहाबाद-रतिया रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर सीआईए टीम ने बताए गए स्थान पर तुरंत दबिश दी। पुलिस की गाड़ी को देखकर आरोपी घबरा गया, भागने का प्रयास करते समय पुलिस की टीम ने आरोपी को पकड़ लिया।

क्रेसंट में बच्चों को साइबर माध्यमों से जुड़े जोखिमों के प्रति जागरूक किया

- स्कूल में विशेष काउंसलिंग एवं जागरूकता सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

क्रेसंट स्कूल में विद्यार्थियों के लिए एक विशेष काउंसलिंग एवं जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों को जीवन में सही निर्णय लेने, सकारात्मक सोच विकसित करने तथा नशे, गलत संगति और साइबर माध्यमों से जुड़े जोखिमों के प्रति जागरूक करना रहा। सेमिनार में चारू चौधरी, चेयरपर्सन, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, फतेहाबाद द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को समय और धन के सदुपयोग, मोबाइल एवं ऐप्स के अत्यधिक प्रयोग से बचने तथा पुस्तकों के अध्ययन की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समझाया कि यूट्यूब और डिजिटल माध्यम शिक्षक का स्थान नहीं ले सकते, इसलिए विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन का सम्मान करना चाहिए। इस मौके पर शिक्षक मौजूद रहे।


फतेहाबाद। क्रेसंट में आयोजित सेमिनार में विद्यार्थियों को जागरूक करते चारू चौधरी।


सिरसा। प्राचार्यों के साथ बैठक करते कुलगुरु।

सीडीएलयू का त्रिवेणी युवा महोत्सव 25 से

सिरसा। युवाओं की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उन्हें देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक लोक कलाओं से जोडऩा विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। विलुप्त होती जा रही लोक कलाओं और हथकरघा उद्योग से जुड़े कलाकारों को विश्वविद्यालय अपने आगामी कार्यक्रमों में विशेष सम्मान प्रदान करेगा। यह बात चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के कुलगुरु प्रो. विजय कुमार ने युवा कल्याण निदेशालय द्वारा संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ आयोजित बैठक में कही। कुलगुरु ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने आगामी आयोजनों में पारंपरिक लोक कलाओं और उनसे जुड़े कलाकारों को विशेष मंच प्रदान करेगा। इन प्रयासों का उद्देश्य लोक कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत, प्राचीन परंपराओं और लोक संस्कृति से जोडऩा है। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, रचनात्मकता विकसित करने के लिए प्रेरित करना है।

14 अक्टूबर को खंड स्तर पर होगी सड़क सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता

- जिले के करीब 14,431 विद्यार्थी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सडक़ हादसों पर अंकुश लगाने और विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए सिरसा पुलिस की ओर से 14 अक्टूबर को जिले के स्कूलों में खंड स्तर पर सडक़ सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई जाएगी। सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक होने वाली इस प्रतियोगिता में जिले के करीब 14,431 विद्यार्थी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। पुलिस विभाग ने शिक्षा विभाग के सहयोग से प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं। यातायात थाना प्रभारी इंस्पेक्टर शमशेर सिंह ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक, हाईवे एवं यातायात, हरियाणा, करनाल एवं एसपी दीपक सहारण के निर्देशानुसार 14 अक्तूबर 2026 को स्कूलों में यह परीक्षा आयोजित करवाई जाएगी। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को यातायात संकेतों, सडक़ सुरक्षा नियमों, निर्धारित गति सीमा व अन्य नियमों की जानकारी दी जाएगी।


सिरसा। यातायात थाना प्रभारी यातायात नियमों की जानकारी देते हुए।

पुलिस कर्मियों को दी जीवन बीमा व वित्तीय नियोजन की जानकारी

- एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने सेमिनार में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एसपी निकिता खट्टर के दिशा-निर्देशन में पुलिस कर्मचारियों और उनके परिवारों की वित्तीय सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस लाइन फतेहाबाद में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस की ओर से जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित पुलिस कर्मचारियों को जीवन बीमा के महत्व, विभिन्न बीमा योजनाओं, वित्तीय नियोजन तथा परिवार के भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित बनाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। सेमिनार के दौरान एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के प्रतिनिधियों ने पुलिस कर्मचारियों को जीवन बीमा की विभिन्न योजनाओं, बीमा कवरेज, प्रीमियम, पॉलिसी अवधि, नामांकन प्रक्रिया और पॉलिसी से जुड़े लाभों व शर्तों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जीवन बीमा किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का सबसे मजबूत माध्यम है। प्रतिनिधियों ने कर्मचारियों को सलाह दी कि किसी भी पॉलिसी का चयन अपनी आय, पारिवारिक जिम्मेदारियों और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप ही करें।

मेडिकल स्टोर से 290 प्रतिबंधित गोलियां बरामद



डबवाली। दवाइयों की आड़ में नशे के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए डबवाली पुलिस और ड्रग विभाग ने मेडिकल स्टोरों की जांच तेज कर दी है। इसी अभियान के तहत मंडी डबवाली स्थित हरिओम मेडिकोज पर चेकिंग के दौरान टेम्पेंटाडॉल की 290 गोलियां बरामद की गईं। पुलिस के अनुसार मेडिकल स्टोर से दवाइयों का डिब्बा लेकर निकलने की कोशिश कर रहे संचालक और उसके सहयोगियों को मौके पर रोका गया। मामले में फार्मासिस्ट जगदीश के खिलाफ कार्रवाई की गई है और मेडिकल स्टोर का लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश भेजी गई है। पुलिस प्रवक्ता उपनिरीक्षक आनंद कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक जसलीन कौर के निर्देश पर अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8295154800, 9315429403, 9253681005

शीतला मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

नवरात्र के दूसरे दिन मां शीतला मंदिर में गूंजे जयकारे

उत्सव के तहत मंदिर परिसर में 9 दिवसीय दुर्गा स्तुति पाठ चल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

शारदीय नवरात्रोत्सव के पावन अवसर पर मां शीतला मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। नवरात्र के दूसरे दिन आज मंदिर परिसर 'जय माता दी' के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान रहा और तडक़े से ही दर्शनों के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नवरात्र महोत्सव को लेकर मंदिर ट्रस्ट की ओर से की गई भव्य तैयारियों के तहत पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। उत्सव के तहत मंदिर परिसर में 9 दिवसीय दुर्गा स्तुति पाठ निरंतर जारी है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। नवरात्र के दूसरे दिन आज मां दुर्गा के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।


रतिया। मां शीतला मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

ब्रह्मचारिणी का अर्थ तप का आचरण करने वाली देवी

मंदिर के मुख्य पुजारी सतीश शास्त्री ने मां ब्रह्मचारिणी के स्वरूप और महिमा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ब्रह्म का अर्थ तपस्या है और ब्रह्मचारिणी का अर्थ तप का आचरण करने वाली देवी है। उन्होंने बताया कि विधि-विधान व पूर्ण श्रद्धा भाव से मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से भक्तों के जीवन में तप, त्याग, सदाचार, संयम और वैराग्य की वृद्धि होती है, तथा हर कार्य में सफलता का आशीर्वाद प्राप्त होता है। पुजारी जी ने आगे बताया कि मां ब्रह्मचारिणी को शक्कर और पंचामृत का भोग अत्यंत प्रिय है, इसलिए आज की पूजा में माता को इनका विशेष भोग अर्पित किया गया। शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन के पावन अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों के साथ शहर के विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने भी मंदिर पहुंचकर विशेष महाआरती में हिस्सा लिया और आशीर्वाद प्राप्त किया। आरती के पश्चात उपस्थित सभी श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। मुख्य पुजारी सतीश शास्त्री ने सभी क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि नवरात्र के इन नौ दिनों में मंदिर में चल रही विशेष पूजा-अर्चना का लाभ उठाएं। मां के दर्शन मात्र से जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं, इसलिए प्रातःकाल मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन अवश्य करें और जीवन को सफल बनाएं।

उत्कृष्ट कार्य करने पर महिलाएं होंगी सम्मानित : भारती

फतेहाबाद। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर विभिन्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक महिलाएं इन पुरस्कार के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा की आधिकारिक वेबसाइट पर दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकती है। आवेदन करने की अंतिम तिथि आगामी 5 नवंबर निर्धारित की गई है। डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर यह पुरस्कार हरियाणा की महिलाओं को उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिए जाएंगे। उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को श्रीमती सुषमा स्वराज अवार्ड के तहत 5 लाख रुपये, इंदिरा गांधी महिला शक्ति अवार्ड के तहत 1 लाख 50 हजार रुपए सहित अन्य पुरस्कार दिए जाएंगे।